## संक्षिप्त समाचार

### हरदोई में मासूम भाई-बहन की सड़क हादसे में मौत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक अज्ञात वाहन ने मासूम चचेरे भाई बहनों को कुचल दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हरदोई शाहजहांपुर रोड पर कौंधा गांव के पास खेरे के पास सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने रक्षिका (6) और सुमित (5) को टक्कर मार दी। जानकारी मिलने पर परिजन दोनों को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के दौरान दोनों मासूम बच्चों की मौत हो गई। मासूम बच्चों की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को सूचना भेजी लेकिन इसी दौरान दोनों बच्चों के परिजन अपने गोद में दोनों के शव को लादकर मेडिकल कॉलेज से बाहर निकल आए और काफी देर तक किसी वाहन के इंतजार में शव को गोद में लादे खड़े रहे। बच्चो के शव देखकर भीघ लग गयी। परिजनों के मुताबिक वह लोग बच्चों का पोस्टमार्टम नहीं करना चाह रहे हैं इसलिए शव को लेकर आए हैं। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक दोनों बच्चों के शव के पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सूचना भेजी गई थी लेकिन पुलिस को सूचना जाने से पहले ही दोनों बच्चों के शवों को उनके परिजन अस्पताल से लेकर चले गए।

### सोनभद्र में चार वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में एक चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ पघेसी युवक द्वारा दुष्कर्म करने के मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मासूम को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर फोरेंसिक टीम व अन्य अधिकारी मामले की जांच में लगे हुए है। अपर पुलिस अधिक्षक कालू सिंह ने शुक्रवार को बताया की बीती रात पीआरबी के माध्यम से कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि मधुपुर इलाके में एक 3-4 वर्ष की लघ्की के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पीड़िता को जिला अस्पताल प्राथमिक उपचार के लिए भेजवाया। पीडिता के परिजनों ने बताया कि दुष्कर्म की घटना उसके गांव के ही एक बृजेश यादव (25) ने की है। आरोपी गांव के तीन बच्चों के साथ खेल रहा था दो बच्चे अपने घर चले गए लेकिन उनकी बेटी को बृजेश अपने साथ ले गया। कुछ देर बाद उनकी बेटी रोती हुई घर लौटी तो उसने बताया कि बृजेश ने उसके साथ गलत काम किया है। एडिशनल एसपी ने बताया कि परिजनों से तहरीर प्राप्त की जा रही है। मौके पर फॉरेंसिक टीम व उच्च अधिकारी मौजूद है। साथ ही आरोपी युवक के गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है।

### सड़क हादसे में दंपति की मृत्यु, तीन बच्चे घायल

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के पवई क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस लेन पर कार की चपेट में आने से स्कूटी सवार पति-पत्नी की मौत हो गयी जबकि उनके तीन बच्चे घायल हो गए। पुलिस के अनुसार अंबेडकर नगर जिले के मालीपुर थाना क्षेत्र के रुदौली अदाईपुर के रहने वाले मोहम्मद रफीक (49) अपनी पत्नी हसीना (45) और अपने तीन बच्चों के साथ एक स्कूटी पर सवार होकर आजमगढ़ के सरायमीर थाना क्षेत्र के सहबरी जा रहे थे।

# एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य कोसों दूरः रागिनी सोनकर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) सदस्य डा रागिनी सोनकर ने शुक्रवार को कहा कि आर्थिक असमानता के मौजूदा हालात से लगता है कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य अगले 20 सालों में भी पूरा हो सकेगा।

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान डा रागिनी ने कहा कि प्रदेश की सरकार वन ट्रिलियन इकॉनमी का दावा कर रही है, जो कपोल कल्पना लगता है। सरकार देश को विश्वगुरु बनाने की बात कर रही हैं, लेकिन आज आर्थिक असमानता में देश विश्वगुरु बन चुका है। आज अमीर और अमीर होता चला जा रहा है गरीब और गरीब। सरकार के आंकड़े बताते हैं कि आज पूरे देश में 60 करोड़ लोग हैं जो कि सरकारी राशन पर आश्रित हैं। प्रति वर्ष छह करोड़ लोग ऐसे हैं जो गरीबी रेखा से नीचे चलते चले जा रहे हैं। उन्होने कहा कि आरबीआई का आंकड़ा ये बता रहा है कि आज से 2010, 2011 में जो मिडिल क्लास की आमदनी थी सेविंग थी, वो जीएसडीपी का 50 प्रतिशत हुआ करती थी और इस समय में 5.1 प्रतिशत पर आ गई है। आज गरीब और मध्यम वर्ग की पाकेट में कोई पैसा नहीं है। नियमित वेतनभोगी महिलाएं 22 प्रतिशत से गिर कर 16 प्रतिशत पर आ चुकी हैं। प्रदेश की छह करोड़ की आबादी प्रतिवर्ष गरीबी रेखा के नीचे चली जा रही है। रागिनी सोनकर ने सवाल किया कि सरकार बताए कि वो कौन कौन से विभाग है जो सबसे ज्यादा और सबसे कम योगदान कर रहे हैं और किस तरीके से अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी को बढ़ाया जाएगा। आज स्थिति यह है कि आने वाले 20-25 सालों में भी हम वन ट्रिलियन इकॉनमी तक नहीं पहुंच सकते हैं। हमे ट्वेंटी परसेंट ग्रोथ रेट की आवश्यकता है और यहां हमारा ग्रोथ रेट 10 पर्सेंट तक पहुंच पाया है। उन्होने कहा कि सरकार बताए कि गरीबी रेखा के नीचे जा रहे लोग को ऊपर उठाने के लिए सरकार की क्या नीति आने वाली है क्योंकि पहले यह कहा गया था कि एक ट्रिलियन डालर की इकोनामी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि विभाग को चार गुना काम करना पघ्गा, उद्योगों को साढे तीन गुना काम करना पड़ेगा। जब आप 2017 से 2025 तक उस ग्रोथ रेट को नहीं कवर कर पाए हैं।

# सनातन का महासमुद्र है प्रयागराज महाकुम्भ : गिरिराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**महाकुम्भनगर।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री और बिहार के बेगूसराय से भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने महाकुम्भ को सनातनी आस्था का महासमुद्र करार दिया। संगम में पवित्र डुबकी लगाने के बाद स्नान के दौरान हुई अनुभूति को दिव्य बताते हुए कहा कि उन्होंने त्रिवेणी संगम में स्नान कर खुद को सौभाग्यशाली माना। उन्होने भाजपा विधायक रेखा गुप्ता के दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भी उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और शुभकामनाएं दी। श्री सिंह प्रयागराज एयरपोर्ट से अरैल घाट पर बने वीआईपी डेक पहुंचे जहां त्रिवेणी संगम में उन्होंने स्नान किया। स्नान के उपरांत उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रयागराज सनातन धर्म का सागर है।

अब तक 60 करोड़ लोग यहां पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। यहां की व्यवस्थाएं और साफ-सफाई बेहतरीन है। मेरा मानना है कि दुनिया में इससे बड़ा समागम कहीं नहीं हो सकता। इसके लिए मैं योगी जी और मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं।

इसके बाद, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि कुंभ एक महा उत्सव ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की दिव्य धारा है, जहां आस्था, श्रद्धा और अध्यात्म का पवित्र संगम होता है। पुण्य सलिला गंगा में डुबकी लगाने मात्र से हृदय निर्मल हो जाता है और मोक्ष की अनुभूति होती है।

# महाकुम्भ स्नान के अंतिम चरण के लिए 1200 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** महाकुम्भ-2025 मेला के अंतिम चरण के सफल संचालन के लिए योगी सरकार 1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसों की वृद्धि करेगी। इन बसों का क्षेत्रवार आवंटन किया गया है।

प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि महाशिव. रात्रि स्नान एवं 20 से 28 फरवरी, 2025 के लिए 1200 बसें रिजर्व में रखी गई है, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें भी चल रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए है कि अधिकारियों/उ पाधिकारियों की ड्यूटी का निर्धारण किया जाये एवं उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाये जिससे कि, बसों का सुचारू संचालन हो सके। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 06 क्षेत्रों यथा सहारनपुर, मेरठ, गाघ्यिाबाद, बरेली, मुरादाबाद, अलीगड़ से यात्रियों की कम संख्या के अनुमान के दृष्टिगत प्रयागराज के लिए 25 बसों का प्रस्थान प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि पूर्वान्चल के जिलों से आने वाले अतिरिक्त भीड़ को बसों की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त प्रयागराज, वाराणसी, आजमगड़, चित्रकूट, अयोध्या एवं देवीपाटन क्षेत्र द्वारा मेला संचालन से इतर संचालित बसों को अधिकतम 300 किमी तक में ही संचालित किया जाये जिससे की आवश्यक्तानुसार शीघ्रतापूर्वक मेला क्षेत्र में भेजा जा सके।

# महाकुम्भ में 14 हजार मीट्रिक टन ठोस अपशिष्ट हुआ निस्तारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में अब तक 14 हजार मीट्रिक टन सॉलिड वेस्ट को सकुशल निस्तारित किया जा चुका है। महाकुम्भ मेला क्षेत्र की स्वच्छता प्रमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि जब से मेला प्रारंभ हुआ है तबसे लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण निवासरत हैं, जबकि प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। ऐसे में, स्वच्छता के उच्च प्रतिमानों को स्थापित करते हुए प्रतिदिन के आधार पर इसे पूरा करने पर मेला प्रशासन का फोकस है।

स्वच्छता प्रमुख (विशेष कार्याधिकारी) अकांक्षा राणा के अनुसार, यहां जितने भी लोग स्नान करते हैं उनकी धारणा है कि स्नान करने के बाद कपड़ों को घाट पर ही छोड़कर नए वस्त्र धारण करके जाते हैं। इसके साथ ही साथ यहां पर बड़े स्तर पर भंडारे चलते हैं, फूड जोन हैं और लोग पैदल चलते हैं तो कचरा काफी रहता है। ऐसे में, इस कचरे का निस्तारण रोजमर्रा की एक बड़ी चुनौती है।

उल्लेखनीय है कि इस कार्य को पूरा करने के लिए मेला जब प्रारंभ हुआ था उसी समय एक सैनिटेशन प्लान बनाया था उसमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के परिदृश्य को देखते हुए कुछ बिंदू रखे थे। सबसे पहले 120 टिप्पर्स व कॉम्पैक्टर्स क्रय किए गए थे। 25 हजार डस्टबिन भी क्रय किए गए थे जिसके जरिए प्रत्येक 50 मीटर पर डस्टबिन को रखा गया। इसमें लाइनर बैग लगाए जाते हैं जिसे प्रत्येक दिन 3 बार बदला जाता है। टिप्पर्स तथा ट्रॉली के माध्यम से कूडे को ट्रांसफर स्टेशन में भेजा जाता है। ट्रांसफर स्टेशन में यह सारा कूड़ा कॉम्पैक्टर में भर कर नगर निगम द्वारा संचालित वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट में प्रोसेसिंग होती है। आंकड़ों के अनुसार, अभी तक 14 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा वेस्ट को इकठा कर बसवार ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जा चुका है। 2019 से इसकी तुलना करें, तो यह 9 मीट्रिक टन था। जबकि, इस बार महाकुम्भ में कुल मिलाकर 20 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा सॉलिड वेस्ट जेनरेशन का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि अत्याधुनिक आईसीटी- आधारित निगरानी प्रणाली को रीयल टाइम ट्रैकिंग के आधार पर मोबाइल बेस्ड एप द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसमें सभी सार्वजनिक शौचालयों को क्यूआर कोड को स्कैन कर रखरखाव को सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, स्वच्छाग्रहियों (स्वच्छता स्वयंसेवकों) ने इस ऐप के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कर फीडबैक अपलोड किए जिसे कंट्रोलरूम द्वारा मॉनिटर कर समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने 5 करोड़ रुपये मूल्य की पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं (दोना पत्तल, कुल्हड़, जूट के थैले, कागज के गिलास) अखाड़ों, संस्थाओं और भंडारों में वितरित की हैं। वहीं, बैनर और होर्डिंग्स के लिए प्लास्टिक मुक्त ब्रांलडग शुरू की गई तथा बायोडिग्रेडेबल विकल्पों को प्रोत्साहित करने के लिए सख्त कदम उठाए गए। मेला क्षेत्र में हाइजीन को मेंटेन करने और साफ-सफाई को सुनिश्चित करने के लिए मॉडिफाइड एडवांस ऑक्सिडेशन तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है जो गंधरहित प्रबंधन प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके अतिरिक्त, क्लीनिंग एजेंट्स का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इस क्रम में, 39 हजार किग्रा मैलेथियन डस्ट, 70 हजार लीटर फिनायल कॉन्सन्ट्रेट, 1600 किग्रा से अधिक नेप्थलीन बॉल्स, 3.5 लाख किग्रा ब्लीचिंग पाउडर, 70.8 हजार लीटर से ज्यादा एसिड, हार्पिक तथा गंध नियंत्रण के लिए 95.85 लीटर सॉल्यूशन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# संगम के जल को लेकर आंकड़े अलगः अखिलेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** महाकुंभ के दौरान संगम के जल में प्रदूषण की मात्रा पर अड़े समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संगम के जल को लेकर आंकघ्े अलग-अलग हैं। दोनों के डेटा टकरा रहे है।

उन्होने कहा कि दिल्ली वालों के आंकडे यूपी वाले नहीं स्वीकार कर रहे हैं। अब देखना है यूपी का नया डेटा दिल्ली स्वीकार करती है या नहीं। यूपी सरकार दिल्ली वालों के आंकडों को नहीं मान रही है। दिल्ली सरकार कह रही है कि संगम का पानी स्नान करने लायक नहीं है, तो मान कर चले कि लखनऊ वाले दिल्ली वालों को सनातनी नहीं मानेंगे। क्या लखनऊ वाले कहेंगे कि दिल्ली वाले सनातनी नहीं है। मैं तो मांग करूंगा कि भाजपा के नेताओं के घर संगम का पानी टंकी भर कर पहुंचाया जाय। वे उसी संगम के पानी से खाना बनाएं, स्नान करें और पीते भी रहें। यह लोग खाना, बनाने, नहाने और पीने के लिए संगम का पानी स्वीकार करें। ी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री को बीओडी, सीओडी कुछ नहीं पता है। अगर पता होता तो वे सदन में जिस भाषा का प्रयोग कर रहे हैं वैसा नहीं करते। मुख्यमंत्री के काम करने का जो तरीका है उसके कारण पुलिस विभाग में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है। पुलिस विभाग का ऐसा भ्रष्टाचार प्रदेश के लोगों ने कभी नहीं देखा होगा। प्रदेश में हर तरह का भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होने कहा कि आज यूपी महिला अपराध में नम्बर एक है। एससी-एसटी अपराध में सबसे आगे है। कस्टोडियल डेथ में सबसे ऊपर है। भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान के अनुच्छेद 21 की परवाह नहीं कर रही है। साइबर क्राइम में भी यूपी आगे है। थाने काभ्रष्टाचार तो सभी लोग देख रहे है। कुंभ की दुर्दशा सबने देखी। लोग जाम से जूझे। सड़कों पर रहें। इस सरकार ने कुंभ का राजनीतिकरण किया। साधु संत दुघ्खी है। धर्म का काम सेवा और आस्था का है। भाजपा सरकार के लिए धर्म मुनाफा कमाने का धंधा हो गया है।

# एएनएम ने गलत ढंग से दिया इंजेक्शन, काटना पड़ा मासूम का पैर

**परिजनों ने गंभीर आरोप लगा कोतवाली में दी तहरीर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के करनैलगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां एक एएनएम पर गलत ढंग से दो माह के मासूम बच्चे को इंजेक्शन लगाने से उसके पैर में सड़न पैदा होने का गंभीर आरोप लगा है।

जिसके चलते मासूम का पैर काटना पड़ गया। मासूम बच्चे की मां का आरोप है कि एएनएम की लाप. रवाही के चलते बच्चा बीमार पड़ गया और टीका पक गया। जिससे किसी तरह व्यवस्था करके करीब पचास हजार रुपए खर्च करके एक प्राईवेट नर्सिंग होम में बच्चे के पैर का आप. रेशन कराया, तब जाकर बच्चे की जान बची है। वहीं पीड़ित मां का कहना है एएनएम से शिकायत व बच्चे का इलाज कराने का अनुरोध करने पर उसे सरकारी नौकरी का धौंस दिखाते हुए उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई ना होने की बात कहकर भगा दिया गया। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर व मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए एएनएम के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैथोली कोड़री निवासिनी अंजना सिंह पत्नी अभय सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि दिनांक 25.12.2024 को उसके पुत्र आरुष प्रताप सिंह उम्र 2 माह का टीकाकरण एएनएम उर्मिला यादव सीएचसी कर्नलगंज द्वारा किया गया था। इनकी लापरवाही व गलत ढंग से इंजेक्शन लगाने के वजह से बच्चा बीमार पड़ गया और टीका पक गया जिससे उसके पैर में सड़न पैदा हो गई।

उसके बाद इनसे बार बार शिकायत व अनुरोध किया गया कि बच्चे का दवा करवा दो लेकिन इनके द्वारा यह कहकर भगा दिया गया कि मैं सरकारी नौकरी में हूं, तुम हमारा कुछ नहीं कर पाओगे। पीड़िता अपने बच्चे को लेकर आनन फानन में किसी तरह ओएन पाण्डेय नर्सिंग होम गोंडा में गई और वहां पर एक सप्ताह तक भर्ती रही व किसी तरह व्यवस्था करके करीब 50000 रुपए खर्च करके बच्चे के पैर का आपरेशन कराया, तब जाकर बच्चे की जान बची है, लेकिन अभी उसकी हालत में पूरी तरह सुधार नहीं हुआ है। आज भी उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके उक्त एएनएम के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने की मांग की है।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत भोपतपुर गांव में सब्जी खरीद कर पैदल घर वापस लौट रहे युवक को मोटरसाइकिल सवार ने ठोकर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पंहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी ने थाने तहरीर दी है। मूलतः थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव के पूरब पटी निवासी राजकरन (42)पुत्र छेदी लाल का विवाह वजीरगंज थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी मीरा देवी के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद राजकरन नेवासा पर अपने परिवार के साथ ससुराल में ही रह कर टेंट हाऊस का काम करता था। मृतक राजकरन की पत्नी मीरा देवी ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि गुरूवार की शाम करीब 7रू30 बजे उसका पति भोपतपुर चौराहे पर सब्जी लेने के लिए गया था। सब्जी लेकर वह पैदल घर वापस लौट रहा था कि चौराहे से कुछ दूर पर भोपतपुर गांव के रमेश श्रीवास्तव पुत्र ब्रम्हा प्रसाद श्रीवास्तव ने अपनी बाइक लापरवाही पूर्वक तेजी से चलाते हुए।

# कमला बनी प्रधान, जीत का लिया सर्टिफिकेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** विकास खंड के बहादुरा ग्राम पंचायत में प्रधान पद के चुनाव का मतगणना शुक्रवार को पूरी हुई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परिणाम भी घोषित कर दिया गया।आरओ ने विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र दिया।इस मौके पर समर्थकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

ग्राम पंचायत बहादुरा का प्रधान पद इस बार पिछड़ी महिला के लिए आरक्षित था। चुनाव में चार महिला प्रत्याशियों ने खूब पसीना बहाया।बहादुरा ग्राम पंचायत में हुए मतदान में कुल 3894 वोट थे जिसमें 2166 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मतगणना में कमला देवी को 1023, मीरा देवी को 791, विद्या देवी को 250 तथा सुरजा देवी को कुल 11 मत मिला। जबकि 91 वोट अवैध थे। कमला देवी ने 232 वोटों से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को हरा कर प्रधान निर्वाचित हुई। मतगणना ब्लाक परिसर में सुबह सात बजे से शुरू हुआ। मतगणना के दौरान ब्लाक परिसर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। मतगणना स्थल पर समर्थकों को नहीं जाने दिया गया। सिर्फ मतगणना अभिकर्ता को अंदर जाने की अनुमति दी गई थी। निर्वाचन अधिकारी अरूण सिंह ने बताया कि प्रधान पद मतगणना का कार्य पूरा हो गया है। विजयी प्रत्याशी कमला देवी को प्रमाण पत्र दे दिया गया है।

# संगम के जल में प्रदूषण को लेकर टीका टिप्पणी से श्रद्धालु नाखुश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ/महाकुंभ नगर।** महा कुंभ के दौरान त्रिवेणी के जल में प्रदूषण को लेकर गरमायी सियासत श्रद्धालुओं को रास नहीं आ रही है। संगम में पवित्र डुबकी लगा कर अपने घरों को लौट चुके और संगम घाट पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि राजनेता अथवा कथित समाजसेवी संगम के जल के प्रदूषण पर बयानबाजी से बाज आयें और अपने क्षेत्र में पेयजल और अन्य समस्यायों पर ध्यान दें।

महाकुंभ सनातन धर्म की आस्था का विषय है। गंगा को वे मां मानते हैं और मां का आंचल कभी मैला नहीं होता। हर शुभ संस्कार और यहां तक कि मृत्यु के समय भी गंगा जल का उपयोग हर सनातनी करता है। फिर वह हरिद्वार, प्रयारागज अथवा काशी से लाया गया जल हो या फिर कानपुर में बह रही गंगा का हो। पुराने लखनऊ के अमीनाबाद क्षेत्र निवासी राजकुमार ने कहा कि महाकुंभ हजारों वर्षो से तीर्थराज में आयोजित किया जाता रहा है। लोग अपनी श्रद्धा से इस महापर्व में हिस्सा लेतें हैं। संगम तट पर एक माह तक कल्पवास कर आत्मशुद्धि करते हैं। अब जब एक स्नान पर्व महाशिवरात्रि का बचा है तो प्रदूषण की बात कर श्रद्धालुओं कोभ्रमित करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है जो कतई स्वीकार्य नहीं है। समाजसेवी अनंत भारद्वाज का कहना है कि महाकुंभ जब अपने अंतिम पड़ाव में है, तो यह कहना कि संगम का जल स्नान करने और आचमन योग्य नहीं है, बचकाना लगता है। लाखों लाख लहदू पवित्र नदियों की आदि काल से पूजा करते आ रहे हैं और संगम में स्नान कर खुद को धन्य मानते हैं। अगर किसी भी सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को गंगा का जल अशुद्ध लगता है तो इसे कुंभ शुरु होने से पहले जांच परख लेना था और इसे स्वच्छ करने के उपाय करने थे। गंगा जल की शुद्धता को लेकर इस समय अनर्गल बयान सनातन की आस्था पर प्रहार है जिसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। महाकुंभ के अवसर पर स्नान कर प्रयागराज जंक्शन में अपनी ट्रेन का इंतजार कर रही गृहणी बिहार की अनुपमा राय ने कहा कि गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी पर पुण्य स्नान की डुबकी लगा रहे लोगों को जल की शुद्धता पर जारी बहस से कोई सरोकार नहीं है और न ही इससे हमारी आस्था पर कोई आंच आयी है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि लाखों श्रद्धालु रात दिन संगम में डुबकी लगा रहे हैं। संगम में प्रदूषण पर सवाल खड़ा करने वाले नेता वास्तव में अपना जनाधार खो रहे हैं और इससे उनकी लोकप्रियता में गिरावट आना तय है।

# यूपी बजट में इटावा को कुछ नहीं मिलने से मायूसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश सरकार के आज पेश किए बजट में इटावा जिले को कोई खास स्थान न मिलने से यहां के लोगों में मायूसी जरूर देखी जा सकती है। विश्व स्तरीय लायन सफारी, फिशरवन, पक्षी बिहार और चंबल से प्रसिद्ध इटावा प्रदेश सरकार के बजट में अछूता रहा।

बजट में जिले को कुछ भी नहीं दिया गया जबकि इटावा के लोग एवं व्यापारी बजट पेश होने से पूर्व उद्योगों और टैक्स में छूट को लेकर आशा भरी निगाहों से सरकार के बजट की ओर देख रहे थे। सपा प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने कहा कि इटावा जिले को पर्यटन के लिहाज से लायन सफारी पार्क जो बजट के लिए सरकार की ओर देख रहा था। उसको भी कुछ नहीं मिला। चंबल रिवर और फिशर वन के साथ-साथ यहां पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा दिया गया था लेकिन आज पेश हुए बजट में प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण एवं पर्यटन को देखते हुए इटावा को बजट से अछूता रखा गया है। इटावा के आम व्यापारी आशीष, शिशिर, इकरार अहमद, आलोक दीक्षित का कहना है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पेश हुए बजट में इटावा को स्पेशल पैकेज के तौर पर बजट से पूरी तरीके से दूर रखा गया है।

उत्तर प्रदेश में दिन प्रतिदिन बढ़ रही बेरोजगारी को देखते हुए भी आज पेश किए गए बजट में उद्योग स्थापित करने के लिए इटावा जिले को बजट में किसी प्रकार का स्थान नहीं दिया गया है। उद्योगों के लिए कम से कम जमीन आवंटित की जाती है। इस क्षेत्र में आलू, गेंहू, सरसो की बंपर पैदावार होती है। ऐसे में प्रदेश की योगी सरकार द्वारा बजट में किसानों के लिए कोई सौगात दी जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

# विद्युत पोल से टकराई कार, बाल-बाल बचे सवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत ढेमवा मार्ग पर ब्रहस्पतिवार- शुक्रवार की रात में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकराई जिससे विद्युत पोल टूट गया। गनीमत रही की कार सवार बाल बाल बच गए।

बेलसर के आजाद नगर निवासी मोनू पाण्डेय प्रयाग स्नान कर सोहावल होते हुए बेलसर जा रहे थे। रात करीब 1 बजे के आसपास महंगूपुर गांव में अनियंत्रित होकर उनकी कार विद्युत पोल से टकरा गयी। एयर बैग खुलने से सभी सवार बाल बाल बच गए। भीषण टक्कर से विद्युत पोल टूट गया तो वहीं कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। अवर अभियंता राम अचल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पोल दुरुस्त कराने को कहा गया है यदि नहीं करवायेंगे तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। वहीं जब घटना के बाबत मोनू पाण्डेय से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो वह कुछ भी कहने से कन्नी काटने लगे।

